Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 22-12-2005

Participants : Oraon Shri Rameshwar

>

Title : Regarding need to link villages in Lohardaga Parliamentary Constituency, Jharkhand with main roads under Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojna.

डॉ. रामेश्वर उरांव (लोहरदगा) : महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र लोहरदगा (झारखंड) का एक बड़ा भूभाग जंगलों-पहाड़ों से भरा हुआ है। इनके अंदर अनेक गांव है जिनमें आदिवासी, गैर आदिवासी रहते हैं। इन्हें थाना, ब्लाक कार्यालय तथा जरूरी सामानों के क्रय-विक्रय हेतु बाजार आना पड़ता है। सड़क नहीं रहने के कारण आवागमन में इन्हें काफी दिक्कत होती है। सड़क का बनना अति आवश्यक है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सउक योजना के तहत प्राथमिकता के आधार पर घाघरा, बिशुनपुर, रायडीह, बसिया, कामडारा, चैनपुर, डुमरी प्रखंड (सभी गुमला) तथा सेन्हा, किस्को प्रखंड (लोहरदगा जिला) के जंगल-पहाड़ में बसे गांवों को इस इलाके के मुख्य मार्ग से जोड़ा जाए।